Title: Need to provide more railway facilities in Jamnagar region, Gujarat.

श्री चन्द्रेश पटेल (जामनगर) : अध्यक्ष महोदय, मैं रेल मंत्री महोदय का ध्यान रेलवे से संबंधित निम्न परेशानियों की ओर दिलाना चाहता हूं :-

१. लंबी दूरी की बहुत ट्रेनें राजकोट तथा अहमदाबाद तक आती हैं, उनको जामनगर, द्वारका, ओखा, पोरबंदर तक बढ़ाया जाए।

२. जो जो ट्रेनें सप्ताह में दो, तीन, पांच दिन की हैं, उनको नियमित हर रोज की बनाया जाए।

३. रेलवे रिजर्वेशन का कोटा जो जामनगर, द्वारका, ओखा, पोरबंदर, जूनागढ़ के बीच हैं, उन सबको बढ़ाया जाए।

४. सब रेलवे स्टेशन पर लोकल, आई.एस.डी., एस.टी.डी. टेलीफोन लगाया जाए।

५. ट्रेन जो नियम से नहीं आती जाती हैं, उनको नियमित किया जाए एवं समय से पहुंचने की व्यवस्था की जाए।

६. इन सब मामलों के अध्ययन एवं निपटाने के लिए जनरल मैनेजर, बम्बई एवं रेलवे बोर्ड से एक प्रतिनिधि मंडल भेजा जाए।

अतः मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि इन पर फौरन कार्यवाही की जाए।